>

Title: Need to ban the disputed book titled 'Shivaji, Hindu King in Islamic India' authored by a foreigner, James Lane.

श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराष्ट्र): अध्यक्ष महोदय, छत्रपति शिवाजी महाराज जी के बारे में जेम्स लेन की विवादास्पद पुस्तक - शिवाजी, हिंदू किंग इन इस्लामिक इंडिया में लिखा है। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि इसमें छत्रपति महाराज जी के पिताजी, माताजी और उनके कुटुम्ब के बारे में बहुत बुरा लिखा है और अन्य संतों के बारे में भी बुरा लिखा है। ऐसी किताब को महाराष्ट्र सरकार ने बैन भी किया था लेकिन उसका वितरण फिर से चालू हुआ है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह पुस्तक महाराष्ट्र और पूरे देश में बिक्री होने के बाद कई जगह वातावरण खराब होता जा रहा है और महाराष्ट्र में आंदोलन हो रहे हैं। कई संगठनों ने इस किताब की बिक्री फिर से चालू होने के कारण महाराष्ट्र और कई जगह आंदोलन किया है। छत्रपति महाराज जी की प्रतिमा को खराब करने की यह साजिश हो रही है। उच्चतम न्यायालय ने भी आदेश दिया है कि महात्मा या युगपुरुष के बारे में अगर किसी ने आक्षेप लिखा है तो उसे बैन करना चाहिए। मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि ऐसी कितना निकले ही नहीं क्योंकि इसमें छत्रपति महाराज जी के बारे में निंदा की गई है। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: It is a State matter.

...(*Interruptions*)

श्री चंद्रकांत खैरे : मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि वे युगपुरुष हैं और अपने संगठन में उनकी प्रतिमा लगाई गई है।...(व्यवधान) इस पर बैन होना चाहिए।

श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण-मध्य): यह हम सब लोगों की भावना है।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: This is a very bad habit. You are speaking without giving any

notice. I will not allow anything more on this matter.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : आपकी भावना रिकॉर्ड हो गई है।

â€¦(व्यवधान)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : अध्यक्ष महोदय, ब्रज क्षेत्र में चार मजदूर मारे गए हैं।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You cannot raise a matter relating to the law and order situation of a State. I would not allow you to raise it only because of four deaths.

...(*Interruptions*)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : चार गरीब मजदूर मारे गए।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: The hon. Minister for Railways wants to say something.

...(*Interruptions*)

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): Sir, I have an important matter to raise....(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please sit down. I have not called you.